दैनिक जागरण
Bareilly, Wednesday, 22 April 2026
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.50/- Pages 10
inext
PAGE NO : 05 MIDDLE

बासुबरल ने आरएमपीएस को 35, SPS ने हांडा को पांच रनों से दी करारी मात

नाबाद 65 रन के साथ एक विकेट लेने वाले सोबती के काजी हमजा चुने गए मैन आफ मैच

मैन ऑफ द मैच को ट्रॉफी देकर किया सम्मानित.

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (21 April) : एसआरएमएस कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी (सीईटी) की ओर से आयोजित श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन सात में मंगलवार को 13वां और 14वां मैच खेला गया. 13वें मैच में हांडा पब्लिक स्कूल को पांच रन से पराजित कर सोबती पब्लिक स्कूल ने जीत हासिल की. 14वें मैच में राधा माधव पब्लिक स्कूल (आरएमपीएस) को 35 रन से हराकर बासु बरल सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने क्वार्टर फाइनल में प्रवेश हासिल किया.

सोबती ने पांच रन से मैच जीता

एसआरएमएस स्टेडियम में ग्रुप- बी की टीमों हांडा और पांचवें मैच की विजेता सोबती पब्लिक स्कूल की टीमों के बीच टूर्नामेंट का 13वां मैच खेला गया. सोबती के कप्तान सृजन शर्मा ने टास जीत कर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया, लेकिन काजी हमजा को छोड़ कर उनका कोई भी खिलाड़ी गेंदबाजों के आगे नहीं टिक पाया. काजी ने 65 गेंदों का सामना कर 11 चौकों की मदद से 65 रन बनाए. टीम 20 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 97 रन के स्कोर तक पहुंच पाई. हांडा की टीम के बल्लेबाज भी सोबती के गेंदबाजों के आगे नतमस्तक हो गए. तपस्वी मिश्रा (31 रन, 31 गेंद, तीन चौके, दो छक्के) और दिव्यांश गंगवार (10 रन, 22 गेंद) को छोड़कर कोई भी बल्लेबाज दहाई के अंक तक नहीं पहुंच पाया टीम 17.3 ओवर में 92 रन बना कर पवेलियन लौट गई. सोबती ने पांच रन से मैच जीत कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया. 65 रन बनाने वाले काजी हमजा को मैन आफ द मैच चुना गया.

आज के मुकाबले

टूर्नामेंट में बुधवार को पहले क्वार्टर फाइनल में सुबह आठ बजे एसआर इंटरनेशनल और नेशनल पब्लिक स्कूल के बीच और दूसरे क्वार्टर फाइनल मैच में 12 बजे जीपीएम और विद्या वर्ल्ड की टीम के बीच मैच खेला जाएगा.

140 रनों पर ठहरी टीम

टूर्नामेंट का 14वां मैच ग्रुप- सी की टीम आरएमपीएस और मैच छह की विजेता बासु बरल की टीम के बीच खेला गया. बासु बरल के कप्तान शिव प्रताप शुक्ला ने टास जीत कर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया. शिव (74 रन, 45 गेंद, 13 चौके), राहुल (53 रन, 35 गेंद, नौ चौके) की मदद से निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट के नुकसान पर 179 रन बनाए. आरएमपीएस की टीम 18.3 ओवर में 140 रन बनाकर पवेलियन लौट गई. नतीजा बासु बरल ने 35 रन से जीत हासिल की. शिव को मैन आफ द मैच चुना गया. टूर्नामेंट में आयोजन समिति के अध्यक्ष डा. प्रभाकर गुप्ता, सचिव डा. शोभित सक्सेना और उप सचिव निपुण पांडे ने मैन आफ द मैच की ट्राफी प्रदान की.